# मतदान केन्द्रों पर होनी वाली व्यवस्थाओं की तैयारी की

**भरतपुर,** (निस)। लोकसभा आम चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान कराने एवं मतदान केन्द्रों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारी बैठक बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें केन्द्रीय सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ जैन, व्यय पर्यवेक्षक विश्वजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव की परम्परा को बनाये रखते हुए सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की जाने वाली तैयारियों को सभी अधिकारी समय पर पूरा करते हुए आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए सजग होकर कार्य करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की जाने वाली तैयारियों को समय पर मूर्तरूप दें। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण के समय सामग्री वितरण में पूरी सावधानी के साथ वितरण सुनिश्चित किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की उपस्थिति एवं सुविधा केन्द्र पर मतदाताओं की सहायता के लिए व्यवस्था करने, मतदान समाप्ति से पूर्व सूखा दिवस की सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मीडिया प्रकोष्ठ प्रिन्ट मीडिया में बिना अधिप्रमाणन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं हो यह निगरानी रखें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार मीना, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, सीईओ जिला परिषद डॉ. वीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. लालचंद कायल, एसीईओ जिला परिषद शैलेन्द्र सिंह सहित सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## फूल बंगला झांकी सजाई

**सूरौठ।** कस्बे के मंदिर श्री सीताराम जी में रामनवमी के अवसर पर ग्राम वासियों की ओर से फ़ूल बंगाल झांकि का किया गया आयोजन भक्त संजय शुक्ला रिंकू शर्मा भगवान शर्मा सतीश नागरिया घनश्याम सेठ केशव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर पुजारी पंडित रवि शर्मा ने विधि विधान से भगवान राम का जन्म उत्सव की पूजा अर्चना संपन्न कराई फूल बंगला झांकी सजाई गई भक्तों ने भगवान राम की सामूहिक रूप से आरती की गई उसके बाद शाम 4 बजे महिलाओं के द्वारा कीर्तन प्रोग्राम किया गया जिसमें महिलाओं ने भगवान राम के भजनों पर जन्म नृत्य किया भक्तों को प्रसादी वितरित की गई देर शाम करीब साढ़े सात बजे रामनवमी के अवसर पर सीताराम जी मंदिर हनुमान चालीसा पाठ आयोजन किया गया।

# संत सुन्दरदास की जयन्ती मनाई

**गंगापुर सिटी।** खंडेलवाल वैश्य समाज समिति के तत्वाधान में खंडेलवाल धर्मशाला भवन में संत शिरोमणि संत सुंदरदास जी महाराज की जयंती मनाई गई। लालसोट से आए हुए गायक कलाकारों के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ सामूहिक रूप से समाज के सभी लोगों और मातृ शक्तियों के द्वारा किया गया। खंडेलवाल वैश्य समाज समिति के अध्यक्ष नीरज रावत, उपाध्यक्ष दीनदयाल डगायच, मंत्री विनोद टोडवाल, सह मंत्री अनिल डास, कोषाध्यक्ष कैलाश, व्यवस्थापक कैलाश, रमेश, घनश्याम, प्रमोद सभी कार्यकारिणी और पदाधिकारी के द्वारा संत सुंदरदास जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री रामजी की प्रतिभा पर माला अर्पण कर की गई। लालसोट से आए हुए गायक कलाकारों के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ सामूहिक रूप से समाज के सभी लोगों और मातृ शक्तियों के द्वारा किया गया। साथ में ही खंडेलवाल वैश्य महिला मंडल अध्यक्ष अंजना रावत और उपाध्यक्ष मनीषा डांस और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा खंडेलवाल वैश्य समाज समिति को इस पावन अवसर पर समाज को रेफ्रिजरेटर भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। अंत में सभी ने हनुमान चालीसा पाठ और आरती के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में रामचरण बागोर, राजेंद्र खारवाल, मदन रावत, शंकर रावत, राकेश डास, कविता खूंटेटा, सरोज मोदी, प्रिय, सीमा राजोरिया, उषा डास, नीतू, रेनू रावत इत्यादि समाज के सभी सम्माननीय सदस्य और काफी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे मौजूद थे।

## सार-समाचार

### जागरण का हुआ आयोजन

**गंगापुर सिटी।** कर्मचारी कॉलोनी गौरव मैरिज होम के सामने स्थित राज राजेश्वरी इंदरगढ बिजासन माता के दरबार में अष्टमी पर छप्पन भोग एवं फूल बंगला झांकी का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रौ में प्रतिदिन पूजा पाठ होने के साथ अष्टमी मंगलवार को शाम 7 बजे पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर छप्पन भोग झांकी के पट खोले गए। दर्शनो के लिए देर रात तक भक्तों का तांता लग रहा। भक्त देवी चरण गर्ग ने बताया कि माता रानी के 9 दिन से विशेष पूजा अर्चना एवं पाठ चल रहे हैं। रात्रि आरती पश्चात प्रतिदिन माता रानी की ज्योत जलती है सैकडो भक्त दर्शन के लिए आते हैं। भक्तों के सहयोग से अष्टमी पर माता रानी का विशेष श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए हैं जो कि नवमी बुधवार को भी खुले रहे। रात्रि को भगवती जागरण का आयोजन रखा गया। इस मौके पर चंचल कपूर शिवम वेद प्रकाश मंगल अनुराग गर्ग हैप्पी मोबाइल कैलाश चंद प्रदुमन गुप्ता सत्यनारायण पटवारी प्रियांशु सोनी मदन मोहन मास्टर आकाश गर्ग राहुल अग्रवाल आदि सहित सैकडो भक्त जन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**करौली,** (नि.स.)। करौली के राजकीय महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप करौली के आदेशों की पालना में प्राचार्य डॉ. विश्राम लाल बैरवा की अध्यक्षता में महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बैरवा ने बताया कि मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु और मतदान का महत्व बताने के लिए महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा रंगोली बनाई गई। रंगोली की थीम वोट करूंगी तभी आगे बढ़ूंगी थी प्राचार्य बैरवा ने इस अवसर पर छात्रों को मतदान का महत्व बताते हुए उन्हें स्वयं एवं अपने परिवार जनों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का जोर दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं पूर्णिमा चौधरी, अंशिका बंसल, सुहानी कुमारी, रक्षाकंवर, मनीषा वशिष्ठ,आयुषी गर्ग के द्वारा रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर नत्थू सिंह, रफीक अहमद, भोलाराम शर्मा, मिथिलेश गुप्ता, डॉ. हीरालाल मीणा, डॉ गुंजन गर्ग, सोनम बामनिया, रमेशी सिंह मीणा, डॉ. सुनील शर्मा आदि संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर-सवाई माधोपुर मेगा हाईवे पर टोटोलाई गांव के पास बुधवार दोपहर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस तीनों घायलों को गंगापुर सिटी हॉस्पिटल लेकर आई और भर्ती कराया। तीनों का इलाज चल रहा है। सपोटरा थाना क्षेत्र के हाडौती निवासी चाचा-भतीजे भरोसी गुर्जर और केशव गुर्जर बाइक से गंगापुर की ओर आ रहे थे। गंगापुर सिटी जिले के तलवाडा तहसील के बाढ रामसर निवासी दिलराज मीणा बाइक से जा रहा था। गंगापुर-सवाई माधोपुर मेगा हाईवे के पास टोटोलाई गांव के पास दोनों की बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार तीनों बाइक से उछल कर दूर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद काफी संख्या में मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई और लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को लेकर गंगापुर सिटी हॉस्पिटल आई और यहां तीनों को भर्ती कराया।

### अंतिम रेण्डमाईजेशन सम्पन्न

**भरतपुर,** (निस)। लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाली पोलिंग पार्टी एवं माइक्रो आब्जर्वर का अंतिम रेण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में एनआईसी के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ जैन, व्यय पर्यवेक्षक विश्वजीत सिंह उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1792 पोलिंग बूथों के लिए कार्मिकों तथा 35 माइक्रो आब्जर्वर सहित कुल 153 माइक्रो आब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि रिजर्व 92 मतदान दल एवं अतिरिक्त रिजर्व में 90 मतदान दलों को रखा गया।

# शोभायात्रा का व्यापारियों ने स्वागत किया

**गंगापुर सिटी।** बुधवार को शहर में निकली श्री राम शोभायात्रा के मार्ग को लेकर प्रशासन ने असमंजस रहा। दोपहर तक शहर के चारो तरफ के रास्ते खुले हुए थे। वहीं दोपहर बाद प्रशासन ने कैलाश टाकी पुलिस चौकी पास मस्जिद की तरफ आने वाले रास्ते पर बैरिकेटिंग करवा दी जिससे शोभायात्रा को बालाजी चौक पर सम्पूर्ण करना पडा। जिसकी चर्चा पूरे शहर में रही।

**सामाजिक व व्यापारिक संगठनो ने किया शोभायात्रा का स्वागतः-** श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में निकली शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहर के कई सामाजिक व व्यापारिक संगठनो ने पलक पावडे बिछा दिए। इस दौरान संगठनो की ओर से रामभक्तो पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। श्री रामनवमी महापर्व पर गंगापुर सिटी में निकाली गई शोभायात्रा का अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम बजाज, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र गर्ग, शिक्षण संस्थान अध्यक्ष गिर्राज गुप्ता, कर्मचारी समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, महिला जिलाध्यक्ष रेखा गर्ग, अध्यक्ष पदमा अग्रवाल अग्रवाल खण्डेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट उपाध्यक्ष शम्भू आर्य, महामंत्री मंगतीलाल अकाउंटेंट , संगठन मंत्री प्रेमचंद तलावडा, पार्षद गौरव मंगल सहित समाज की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों ने ठंडाई पिलाकर, पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा में शामिल बन्धुओं का अभिनन्दन किया एवं भगवान् श्री राम की पूजा अर्चना की। सभी ने मिलकर जय श्री राम के जयकारों से शोभायात्रा मार्ग को गुंजायमान कर दिया। वहीं शोभायात्रा श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वाधान में व्यापार मण्डल तिराहे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## मतदान सामग्री संग्रहण का प्रशिक्षण दिया

**करौली,** (नि.स.)। लोक सभा चुनाव के अंतर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम पिंकी गुर्जर के निर्देशन में करौली विधान सभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान हेतु रवानगी तथा मतदान से वापसी होने पर प्राप्त करने वाली ईवीएम वीवीपेट मशीनों तथा लिफाफो आदि सामग्री संग्रहण करने वाले कार्मिकों का बुधवार को पंचायत समिति सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण अयोजित किया गया।

निर्वाचन कार्यालय के राजेन्द्र दीवान ने बताया कि लोक सभा चुनाव हेतु मतदान दलों की रवानगी आज गुरूवार 18 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे मतदान हेतु ईवीएम वीवीपेट मशीनें स्ट्रॉन्ग रूम से दी जाएगी तथा 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति के पश्चात वापसी पर विभिन्न प्रकार के लिफाफों व लेखा संधारण सामग्री सहित काउंटर नम्बर 1 व 2 पर जमा की जाएंगी।

# वोट ट्री ऐंड लाईटिंग लैंप थीम आधारित कार्यक्रम अयोजित

**करौली,** (नि.स.)। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने को जागरूक करने के लिए चलाए गए सतरंगी सप्ताह के अन्तिम दिवस सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम पिंकी गुर्जर के निर्देशन में एकट बोध ग्राम द्वारा संचालित निःशब्द शिक्षण संस्थान में दिव्यांग विद्यार्थियो द्वारा वोट ट्री ऐंड लाईटिंग लैंप थीम आधारित कार्यक्रम अयोजित किए गए।

करौली ब्लॉक स्वीप समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम पिंकी गुर्जर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए संस्था के विद्यार्थियो व शिक्षकों कार्यकर्ताओं द्वारा दीपकों व मोमबत्तियों की रोशनी से वोट ट्री, मतदान दिवस,स्वीप एवम विभिन्न प्रकार की रंगोली सजा कर समूचे विद्यालय परिसर को रोशन कर दिया। एसडीएम पिंकी गुर्जर द्वारा सभी छात्र छात्राओं,नव मतदाताओं व संस्था कार्मिकों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई जिसे साथ साथ मूक बधिर विद्यार्थियो की सांकेतिक भाषा में प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह द्वारा अनुवादित किया गया। मतदान जागरूकता सेल्फी स्टैण्ड पर एसडीएम पिंकी गुर्जर ने बच्चों के साथ मोबाइल पर सेल्फी लेकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर समर्पित सहायक रिटर्निंग निर्वाचक अधिकारी नायब तहसीलदार रामावतार शर्मा,ब्लाक स्वीप समन्वयक राजेन्द्र दीवान, समाज कल्याण विभाग से लालबहादुर, भानु प्रताप, उप प्रधानाचार्या स्नेहलता, संस्था प्रभारी मनोज, राजकुमार एव विशेष शिक्षा के छात्राध्यापकों, शिक्षकों सहित समस्त संस्था कार्मिक उपास्थित थे।

**फूल बंगला झांकी का आयोजनः-** करौली पंडित राजेंद्र प्रसाद ने विधि विधान से भगवान राम का जन्म उत्सव की पूजा अर्चना संपन्न कराई उसके उसके बाद भगवान राम लक्ष्मण सीता मैया के जगमोहन में छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर भगवान राम के विग्रह का पंडित शिवकिशोर गोस्वामी के द्वारा पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पोशाक धारण कराई एवं सामूहिक रूप से आरती की गई उसके बाद दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक भक्तों ने मंदिर में छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी के दर्शन किए वहीं मंदिर में आयोजन कमेटी की ओर से भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।

# श्री राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**गंगापुर सिटी।** रामनवमी के शुभ अवसर पर गंगापुर सिटी शहर में श्री राम जन्मोत्सव समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समिति के सुरेंद्र मित्तल ने बताया कि बुधवार को राम नवमी के अवसर पर हायर सैकण्डरी स्कूल के खेल मैदान से विशाल शोभायात्रा डीजे व भगवा पताकाओ के साथ निकाली गई। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर भगवान राम का पूजन कर रथ में विराजित करा कर यात्रा को भारी लवाजमे के साथ रवाना किया। डीजे की धून पर राम भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे वहीं महिला भगवान राम के जयकारो से आसमान को गुंजयमान कर रही थी। यात्रा में सजीव झांकिया सभी का आकर्षण का केन्द्र रही। आगरा से आए कलाकारो ने तांडव नृत्य व हनुमान जी की रामनाम धूनी की झांकी ने सभी मंत्र मुगध कर दिया। यात्रा हायर सैकण्डरी स्कूल से रवाना हो कर कचहरी तिराहा, सब्जी मण्डी, व्यापार मण्डल चौराहा होते हुए देवी स्टोर, खारी बाजार, चौपड के रास्ते बालाजी चौक पहुंची।

## द्वितीय प्रशिक्षण 23 अप्रेल को

**अजमेर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 23 अप्रेल को दोपहर 12 बजे से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में आयोजित किया जाएगा।


# हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर,** (निस)। श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति द्वारा पिछले 31 वर्षों से श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इस क्रम में इस वर्ष 21 अप्रेल से 3 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम मनायाएंगे। जिसमें 21 अप्रेल को प्रातः 8.30 बजे मोरी चार बाग स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर सुन्दर कांड के पाठ का आयोजन किया जावेगा, 22 अप्रेल को सांय 5.30 बजे कला मंदिर स्कूल से भव्य व आकर्षक शोभायात्रा निकाली जावेगी। इस शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों के साथ हनुमानजी का डोला स्थानीय बैण्ड वादकों के मधुर वादन के द्वारा निकाली जावेगी।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law)

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology#)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) I M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) I M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Microbiology)#

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) I M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Sitar), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) I M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, French#)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*, B.Sc.B.Ed.* (Integrated), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

#Subject to approval
+JEE-2 & NATA qualified

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.

Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2024-25
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION 30 April, 2024

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
9352879844, 9352879855, 9352879866
• For UG/PG Admissions:
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org
or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA